हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, शुक्रवार 22 अगस्त 2025
बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर



## खबर संक्षेप

### पीएमश्री सेजेस की संगीता बनीं प्राचार्य, डडसेना हटे



**केशकाल।** कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना द्वारा सेजेस केशकाल के प्रभारी प्राचार्य मनोज कुमार डडसेना को कार्य में लापरवाही बरतने पर पद से हटाया गया है। उनके स्थान पर वरिष्ठ व्याख्याता श्रीमती संगीता भास्कर को प्रभारी प्राचार्य बनाया गया है। जारी आदेश के अनुसार मनोज कुमार डडसेना प्रभारी प्राचार्य सेजेस केशकाल के द्वारा अपने कर्तव्य के प्रति घोर लापरवाही किये जाने से विद्यालय संचालन में व्यवधान उत्पन्न हो रहा था। उक्त कृत्य को देखते हुए मनोज कुमार डडसेना को प्रभारी प्राचार्य से पृथक करते हुए शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय केशकाल की वरिष्ठ व्याख्याता श्रीमती संगीता भास्कर को स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय केशकाल को प्रभारी प्राचार्य का दायित्व सौंपा गया है। विकासखंड शिक्षा अधिकारी सीएल मंडावी व पूर्व बीआर पी बलराम नाग ने विद्यालय पहुंच कर संगीता भास्कर वरिष्ठ व्याख्याता को प्रभारी प्राचार्य का दायित्व दिलाया।

### माजदा की टक्कर से बाइक सवार स्कूल का बाबू गंभीर



**फरसगांव।** रांधना रोड में स्थित पासंगी पुल के पास गुरुवार को शाम करीब 6:30 बजे बाइक सवार ग्राम बानगांव निवासी हीरासिंग मरकाम पिता स्व अंधारु मरकाम को सामने से आ रही माजदा वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार हीरासिंग गंभीर रूप से घायल हो गया । जिसे उपचार हेतु तत्काल फरसगांव अस्पताल लाया गया। हीरासिंग मरकाम का पैर और हाथ और कंधा टूट गया है। सर में भी चोट आई है। जिसको प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर उपचार हेतु जगदलपुर अस्पताल रिफर किया गया है। बाइक को टक्कर मारने के बाद माजदा वाहन खेत में पलट गई। । बताया जा रहा है माजदा वाहन में ग्राम जंगदई से नीलगिरी लकड़ी भरकर जुगानी ले जा रहे थे । घायल हीरासिंग ग्राम कुम्हारबढ़गांव के पूर्व माध्यमिक स्कूल में सहायक ग्रेड -3 (बाबू) के पद पर पदस्थ है , जो स्कूल से घर जा रहे थे तभी माजदा ने टक्कर मार दी ।

### विद्यार्थियों को गुणवत्ता शिक्षा दें: नुपूर राशि

**कोण्डागांव।** कलेक्टर श्रीमती नुपूर राशि पन्ना ने आज शासकीय गुंडाधुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय का निरीक्षण किया एवं महाविद्यालय की औपचारिक बैठक में सम्मिलित हुईं। बैठक में वर्तमान शैक्षणिक सत्र की प्रवेश प्रक्रिया, महाविद्यालय भवन की स्थिति और उपलब्ध संसाधनों एवं आवश्यकतों पर विस्तृत चर्चा हुई। कलेक्टर ने महाविद्यालय के सुचारू संचालन और विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। इस दौरान महाविद्यालय के लिए फर्नीचर, सीसीटीवी एवं अन्य शैक्षणिक सामग्रियों की खरीदी तथा मरम्मत कार्य के लिए प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभिन्न कक्षों का अवलोकन कर आवश्यक सुधार कार्यों के निर्देश दिए। साथ ही भवन की मरम्मत और बॉटनिकल गार्डन को सुव्यवस्थित कराने के भी निर्देश संबंधित अधिकारियों को प्रदान किए। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सरला आत्रम, शशिभूषण कन्नौजे सहित सभी प्राध्यापक गण उपस्थित रहे।

### स्वयंसेवी महिला नगर सैनिकों का भर्ती परिणाम जारी

**कोण्डागांव।** बस्तर संभाग के जिला कोण्डागांव में बालिका आश्रम एवं छात्रवासों में रह रहीं बालिकाओं की सुरक्षा के लिए 100 स्वयंसेवी महिला नगर सैनिक पदों के भर्ती की कार्यवाही पूर्ण कर चयन सूची विभागीय वेबसाईट में अपलोड किया गया है। छात्रावास ड्यूटी के लिए महिला नगर सैनिकों का भर्ती परीक्षा परिणाम का अभ्यर्थियों द्वारा वेबसाइट पर अवलोकन किया जा सकता है।

# पुलिस ने स्कूल व बैंक में चलाया साइबर जागरुकता अभियान

## ऑनलाइन ठगी व साइबर अपराधों से बचाव की दी गई महत्वपूर्ण जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

भारतीय स्टेट बैंक शाखा कोंडागांव और शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बडेडोंगर में 20 अगस्त को साइबर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा साइबर जागरूकता को लेकर जारी एसओपी के पालन में पुलिस अधीक्षक कोंडागांव वाय. अक्षय कुमार के निर्देशन, अति. पुलिस अधीक्षक कौशलेंद्र देव पटेल के मार्गदर्शन तथा उप पुलिस अधीक्षक सतीश भार्गव के पर्यवेक्षण में जिलेभर में साइबर सुरक्षा कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है।

अलग खबर





**नागरिकों ने सराहा पुलिस का प्रयास**

*कार्यक्रम से उपस्थित लोगों में साइबर अपराधों के प्रति गहरी जागरुकता आई। नागरिकों और विद्यार्थियों ने कहा कि ऐसे आयोजन उन्हें भविष्य में ऑनलाइन खतरों से सुरक्षित रहने की प्रेरणा देंगे।*

निरीक्षक सौरभ उपाध्याय ने स्कूली बच्चों, बैंक ग्राहकों व कर्मचारियों को ऑनलाइन बुलिंग, फिशिंग और ओटीपी धोखाधड़ी जैसे मामलों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किसी भी प्रकार की साइबर ठगी होने पर पीड़ित तुरंत पोर्टल या हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज करें, साथ ही नजदीकी थाना या साइबर सेल में भी रिपोर्ट करें। बैंक में उपस्थित वरिष्ठ नागरिकों, ग्राहकों तथा विद्यालय के बच्चों को इंटरनेट और सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग की जानकारी दी गई। बच्चों को विशेष रूप से समझाया गया कि अपने बैंक खाते और एटीएम पिन की जानकारी किसी से साझा न करें।

**समीक्षा :** साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक संपन्न, पीएम आवास को समयसीमा में पूर्ण करें

# रजत जयंती के लिए विभिन्न गतिविधियों के आयोजन को लेकर कलेक्टर ने दिए निर्देश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने मंगलवार को जिला कार्यालय के सभाकक्ष में साप्ताहिक समय–सीमा बैठक ली। बैठक में उन्होंने शासन के निर्देशानुसार रजत जयंती वर्ष अंतर्गत जिले में विभिन्न गतिविधियों के सुव्यवस्थित आयोजन के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को अपने दायित्वों का जिम्मेदारी के साथ निर्वहन के लिए निर्देशित किया। राज्य सरकार द्वारा वर्ष 2025–26 को छत्तीसगढ़ राज्य गठन के रजत जयंती वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है।

इस अवसर पर रजत जयंती महोत्सव का शुभारंभ 15 अगस्त 2025 से हुई है।6 फरवरी 2026 तक विभागवार विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर ने बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के स्वीकृत कार्यों के साप्ताहिक प्रगति की जनपदवार समीक्षा की। योजनान्तर्गत माओवाद पीड़ित एवं आत्मसमर्पित व्यक्तियों के लिए स्वीकृत आवास निर्माण के कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूरा कराने के निर्देश संबंधित जनपद सीईओ को दिए। बैठक में कलेक्टर ने केशकाल बायपास एवं रावघाट जगदलपुर रेलवे लाइन परियोजना अंतर्गत भू अर्जन एवं अन्य प्रकरणों के शीघ्र निपटारा करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया, जिससे निर्माण कार्य शीघ्र शुरू हो सके। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### किसानों का शत प्रतिशत कराएं पंजीयन

कलेक्टर ने राजस्व प्रकरणों के निराकरण की भी विस्तृत समीक्षा की और सभी एसडीएम तथा तहसीलदारों को समय सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने को कहा। जिले में खरीफ विपणन वर्ष में धान बेचने वाले किसानों का एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन कार्य और फार्मर आईडी निर्माण कार्य के प्रगति की जानकारी लेते हुए शत प्रतिशत किसानों का पंजीयन कराने के निर्देश दिए। उन्होंने श्रम विभाग से जिले में श्रमिक पंजीयन की जानकारी लेते हुए कहा कि श्रम विभाग की श्रमिक परिवारों के बच्चों लिए संचालित छात्रवृत्ति योजना का लाभ सभी पात्र हितग्राहियों को पहुंचाएं। साथ ही स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि गर्भवति महिलाओं में हाई रिस्क मरीजों की सतत निगरानी रखें। उनके इलाज में लापरवाही न हो यह सुनिश्चित करें। उन्होंने मलेरिया से बचाव एवं रोकथाम के लिए नियमित जांच एवं आवश्यक दवाई उपलब्ध कराने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। साथ ही उन्होंने रेडक्रॉस सोसायटी की सदस्या बढ़ाने एवं आयुष्मान कार्ड में भी प्रगति लाने के निर्देश दिए। इसके अलावा बैठक में जल जीवन मिशन अंतर्गत हर घर जल प्रमाणीकरण कार्य, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत पंजीयन कार्य, प्रधानमंत्री मातृत्व योजना सहित महिला एवं बाल विकास विभाग के विभिन्न कार्यों की समीक्षा की गई।

## दहिकोंगा में जमीन विवाद में हत्या की साजिश, दो आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

पुलिस ने जमीन विवाद में हत्या की साजिश रचने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने वकील कंवल सिंह बघेल की हत्या कराने के लिए 60 हजार रुपए की सुपारी दी थी।

राजकुमार बघेल का अपने चचेरे भाई कंवल सिंह बघेल पेशा वकील से वर्ष 2021 से जमीन संबंधी विवाद चल रहा था, जो न्यायालय में विचाराधीन है। इसी रंजिश में उसने मजहर अली खान को 60 हजार रुपये देकर हत्या की साजिश रची। 20 अगस्त को चोरी मामले में पूछताछ के दौरान पुलिस ने मजहर अली खान का मोबाइल चेक किया। जिसमें राजकुमार बघेल के साथ हत्या की साजिश से संबंधित चैटिंग मिली। पूछताछ पर आरोपियों ने साजिश की बात कबूल की। थाना कोण्डागांव में अपराध क्रमांक 284/2025 धारा 61(2), 55 बीएनएस. के तहत मामला दर्ज कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।

**गिरफ्तार आरोपी** – मो. मजहर अली खान पिता मो. खलील, उम्र 42 वर्ष, निवासी ग्राम दहिकोंगा, स्थायी पता केलाबाड़ी दुर्ग। राजकुमार बघेल पिता दासु राम बघेल, उम्र 41 वर्ष, निवासी ग्राम दहिकोंगा। गिरफ्तार आरोपी मजहर अली खान पहले भी जिला दुर्ग और थाना कोतवाली कोण्डागांव के कई मामलों में जेल जा चुका है।

**कार्रवाई में इनकी रही अहम भूमिका** – पूरे मामले में थाना प्रभारी निरीक्षक टामेश्वर चौहान, सायबर सेल प्रभारी निरीक्षक सौरभ उपाध्याय सहित पुलिस टीम के राजकुमार कोमरा, रोहित कोमरा, अजय बघेल, ऋतुराज सिंह, चंदन यादव व अनिल चौरे का विशेष योगदान रहा।



## कलेक्टर ने निर्माणाधीन क्रिटिकल केयर यूनिट भवन का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कलेक्टर श्रीमती नुपूर राशि पन्ना ने आज जिला चिकित्सालय के पीछे निर्माणाधीन सीसीएचबी भवन का गहन निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने भवन के शेष कार्यों को गुणवत्ता के साथ 6 माह में पूरा कराने के लिए सीजीएमएससी के अधिकारियों एवं संबंधित ठेकेदारों को निर्देशित किया। कलेक्टर ने क्रिटिकल केयर यूनिट के निर्माणाधीन भवन में चिकित्सकों के साथ उनकी आवश्यकता के अनुसार लेबर रूम, ऑपरेशन थिएटर सहित अन्य कक्ष को देखा और सुव्यवस्थित ढंग से निर्माण कार्य के निर्देश देते हुए आवश्यकतानुसार कुछ कक्षों में सुधार कार्य करने को कहा। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, सीएमएचओ डॉ. आर.के. चतुर्वेदी और सिविल सर्जन सह अस्पताल अधीक्षक डॉ. प्रेम मंडावी, चिकित्सकगण एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## पैदल चल रहे बुजुर्ग को बाइक ने मारी टक्कर, गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

नगर के बीआरसी कार्यालय के सामने गुरुवार की शाम करीब 5.30 बजे बाइक सवार युवक ग्राम कन्हारगांव निवासी नारायण नाग पिता निर्मल नाग ने पैदल चल रहे नगर के 60 वर्षीय बुजुर्ग हरिराम भंसारे पिता स्व. दौलत राम को टक्कर मार दी। सवार भी बाइक से गिरकर घायल हो गया। दोनों घायलों को तत्काल उपचार हेतु फरसगांव अस्पताल लाया गया। बुजुर्ग हरिराम का एक पैर और एक हाथ टूट गया और सर में भी गंभीर चोट आई है। प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर उपचार के लिए धमतरी अस्पताल रेफर किया जाएगा । बाइक सवार युवक जनपद सदस्य निर्मल नाग का बेटा है । हादसे की जानकारी लगते ही पर एसडीएम अश्वन कुमार पुसाम अस्पताल पहुंचकर घायलों का हाल-चाल जाना। वहीं हादसे की खबर लगते ही स्थानीय जनप्रतिनिधि भी फरसगांव अस्पताल पहुंचकर घायलों से मुलाकात की।



## पोस्ट मैट्रिक छात्रावास भवन निर्माण और सीट वृद्धि की मांग को लेकर निकाली रैली

**नारायणपुर।** पोस्ट मैट्रिक छात्रावास भवन निर्माण एवं सीट वृद्धि की मांग को लेकर एक दिवसीय धरना एवं रैली का आयोजन किया गया। रैली के उपरांत छात्रों ने कलेक्टर कार्यालय पहुँचकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। विदित हो कि साल 2007 में नारायणपुर जिला गठन के बाद भी अब तक मात्र 50 सीट वाला छात्रावास संचालित है, जिसमें स्कूल और कॉलेज दोनों के छात्र-छात्राएँ रहकर पढ़ाई करते हैं। सीमित सीटों के कारण बड़ी संख्या में विद्यार्थी आवास सुविधा से वंचित रहते हैं।। नतीजतन नारायणपुर के कई मेधावी छात्र-छात्राएँ छात्रावास से वंचित होकर पढ़ाई छोड़ देते हैं या मजबूरीवश मजदूरी करने बाहर चले जाते हैं। छात्र-छात्राएँ हाथों में अपना अधिकार मांगते लिखे कार्ड लेकर घंटों तक धरना पर बैठे रहे और अपनी मांगों को बुलंद आवाज़ में नारे बाजी करते दिखे। इस अवसर पर जितने भी छात्र-छात्राएँ आवासीय सुविधा से वंचित हैं, वे सभी बड़ी संख्या में सम्मिलित हुए।

धरने में एनएसयूआई जिला अध्यक्ष विजय सलाम ने कहा कि बस्तर संभाग से स्थानीय विधायक ही प्रदेश सरकार में एकमात्र मंत्री हैं, फिर भी नारायणपुर के युवाओं की इस गंभीर समस्या पर कोई ध्यान नहीं दिया गया। जिले की आर्थिक स्थिति ऐसी नहीं है कि ग्रामीण परिवार अपने बच्चों को किराए के मकान में रखकर पढ़ा सकें। नतीजतन बच्चे पढ़ाई छोड़ने और गलत रास्ता चुनने पर मजबूर हो जाते हैं। यदि 200 सीटों का छात्रावास तत्काल बनाया जाता है तो नारायणपुर में शिक्षा का नया आलोक जगेगा और हजारों छात्रों का भविष्य संवरेगा। कार्यक्रम में उपस्थित उमेश कर्मा ने कहा कि भूपेश बघेल की सरकार ने ग्रामीण अंचल के बच्चों की पढ़ाई को देखते हुए छोटेडोंगर कॉलेज खोला गया था, ताकि शिक्षा का स्तर सुधरे। लेकिन आज तक आवासीय सुविधा उपलब्ध न होने के कारण वहाँ छात्र पढ़ाई करने नहीं जाते और वह कॉलेज लगभग बंद होने की स्थिति में पहुँच गया है। यदि हॉस्टल की व्यवस्था होती तो यह कॉलेज भी सक्रिय रहता और स्थानीय युवाओं को शिक्षा के बेहतर अवसर मिलते।

**कलेक्टर को सीएम के नाम ज्ञापन सौंपा गया**



## आलोर का लिंगेश्वरी माता मंदिर 3 सितंबर को खुलेगा

**कोण्डागांव/ फरसगांव ।** विकासखंड फरसगांव के ग्राम झाटीबन–आलोर में स्थित प्रसिद्ध लिंगेश्वरी माता मंदिर का द्वार इस साल 3 सितंबर को खुलेगा। इस अवसर पर हर साल की तरह भव्य मेले का भी आयोजन किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुँचते हैं। इसी के मद्देनजर बुधवार को मंदिर में लिंगेश्वरी सेवा समिति की बैठक हुई। बैठक में समिति के पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, ग्रामीणों और विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया। इस दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कई महत्वपूर्ण फैसले लिए गए। बैरिकेडिंग और बांस–बल्ली की व्यवस्था लोक निर्माण विभाग और वन विभाग द्वारा की जाएगी। सफाई व्यवस्था नगर पंचायत फरसगांव संभालेगी। सुरक्षा पुलिस विभाग और तहसील प्रशासन द्वारा। चिकित्सा सुविधा खंड चिकित्सा अधिकारी की देखरेख में रहेगी। पार्किंग और विद्युत पार्किंग की व्यवस्था पुलिस और मेला समिति करेगी, जबकि बिजली का काम विद्युत विभाग देखेगा। पेयजल पेयजल की व्यवस्था जनपद पंचायत, नगर पंचायत और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग मिलकर करेंगे। बैठक में नगर पंचायत अध्यक्ष प्रशांत पात्र, एसडीएम फरसगांव अश्वन कुमार पुसाम, एसडीओ अभिनव उपाध्याय, तहसीलदार जय कुमार नाग, सीईओ जनपद रूपेन्द्र नेताम, नायब तहसीलदार सुश्री निधि एस नेताम सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं लिंगेश्वरी सेवा समिति के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## पेज 11 के शेष

**आत्मसमर्पित नक्सलियों ....**

का अहसास हो रहा है। आज मां के नाम पर पेड़ लगाकर नई जिंदगी की शुरुआत कर रहा हूं। हिडमा की तरह कई अन्य आत्मसमर्पित नक्सलियों ने भी पौधरोपण करते समय अपने परिवार और बीते दिनों को याद किया। उनके चेहरे पर सुकून और उम्मीद साफ झलक रही थी।

**सोनारपाल में की...**

योजना के तहत 5 लाख रुपए की लागत से सीएससी भवन निर्माण कार्य, तारागांव ग्राम पंचायत में बस्तर विकास प्राधिकरण के तहत 6 लाख 50 हजार रुपये की लागत से जोगी घर से मोसू घर तक 200 मीटर सी.सी. रोड निर्माण कार्य और छत्तीसगढ़ राज्य कृषि विपणन बोर्ड द्वारा ग्राम तारागांव माता मंदिर में 4 लाख 22 हजार रुपये की लागत से बाजार शेड निर्माण का भूमिपूजन किया। मंत्री कश्यप ने इसके साथ ही बोड़नपाल 2 में आयोजित कार्यक्रम में कुल 46 लाख 25 हजार रुपए के कार्यों का भूमिपूजन किया। इसमें छात्रावास बेसोली के क्रीड़ा परिसर में बस्तर विकास प्राधिकरण के अंतर्गत 16 लाख 14 हजार रुपये की लागत से हाई मास्ट लाइट की स्थापना और बेसोली स्कूलपारा श्यामलाल घर के पास डीएमएफ के तहत 3 लाख 30 हजार रुपए की लागत से डेढ़ मीटर पुलिया निर्माण, ग्राम पंचायत बाकेल में छत्तीसगढ़ राज्य कृषि विपणन बोर्ड द्वारा माता मंदिर के पास साप्ताहिक बाजार में 23 लाख 51 हजार रुपए की लागत से बाजार शेड निर्माण और अमडीगुड़ा पारा के पिकड़वाही नाला में डीएमएफ के अंतर्गत 3 लाख 30 हजार रुपए की लागत से डेढ़ मीटर पुलिया निर्माण कार्य का भूमिपूजन भी किया। **ये रहे उपस्थित**-इस अवसर पर बस्तर जनपद पंचायत अध्यक्ष संतोष बघेल, जिला पंचायत सदस्य निर्देश दीवान एवं शकुंतला कश्यप सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधिगण, अनुविभागीय दंडाधिकारी ऋषिकेश तिवारी सहित अन्य अधिकारी और बड़ी संख्या में क्षेत्र के ग्रामीण उपस्थित रहे।

**2 लाख का...**

और धीरे धीरे दबाव बढ़ाया। चिमलीपेंटा के कमारपारा में छिपा नक्सली सुरक्षा बलों के हत्थे चढ़ गया। सुकमा पुलिस के अनुसार आरोपी के खिलाफ थाना जगरगुण्डा में दो संगीन मामले दर्ज थे। गिरफ्तार नक्सली को विशेष न्यायालय दंतेवाड़ा के समक्ष पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है।

**मुख्यमंत्री और गृहमंत्री...**

बस्तर संभाग क्षेत्र में बस्तर के युवा चयन प्रकिया का हिस्सा बनकर आर्थिक व समय की हानि से बच सकेंगे। बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल के संज्ञान में यह बात लाई गई । विधायक ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं गृहमंत्री विजय शर्मा को पत्र लिखकर एवं ईमेल कर अवगत करवाया । उन्होने कहा है कि भविष्य में व्यापम द्वारा इस प्रकार की त्रुटि ना हो। विधायक से मिलने पहुंचे युवा कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष हेमंत कश्यप, जिला सचिव विजय भारती,खीरू, ललित, सोनसाय,मंगल, बुधराम, सन्दीप, लोकेश, शुभम शामिल थे।

**सायबर फ्रॉड व...**

ऑनलाईन ठगी व सायबर अपराध से बचने के बारे में विस्तारपुर्वक जानकारी ग्रामीणो के साथ साझा करते हुए बताया कि अननोन नम्बर व आने वाले ओटीपी से सावधान रहे तथा अपनी निजी जानकारी ऐसे फोन कॉल करने वालों से साझा न करें नहीं तो इसकी बड़ी कीमत चुकानी पड़ सकती है। लोगों को जागरूक करते हुए बताया गया कि इस तरह के फोन कॉल को रिसीव ना करें और न ही व्यक्तिगत जानकारी दें जिससे ऐसे फ्रॉड से बचा जा सकता है। कार्यक्रम में थाना प्रभारी निरीक्षक संतोष सिंह, एसबीआई नगरनार के ब्रांच मैनेजर मनोज पैकरा, जिला सहकारी बैंक नगरनार के ब्रांच मैनेजर सोनधर सेठिया, छग राज्य ग्रामीण बैंक नगरनार के ब्रांच मैनेजर कन्हैया लाल कोडोपी, आईडीबीआई बैंक नगरनार के ब्रांच मैनेजर योगेश कुमार गोवर्धन, यूनियन बैंक नगरनार के ब्रांच मैनेजर भुपेन्द्र देवांगन, छग राज्य ग्रामीण बैंक माडपाल के ब्रांच मैनेजर के सौम्या, प्रधान आरक्षक सुमनी मुडमा, आरक्षक तीरथ राम फेकर, डुमर बघेल के अलावा ग्राम पंचायत धनपुंजी के सरपंच पति सूरज नाग, उपसरपंच महेन्द्र कश्यप, पंच नारायण ठाकुर नरेन्द्र साहु, राजेश्वरी बाग, रिंकी बेसरा, प्रतिना नाग व अन्य मौजूद थे।

**फोटो को पत्रकारिता...**

का हो तो बेहतर रहता है। फोटो के टाईम और लोकेशन को नोट कर रखना चाहिए।पांडेय ने कहा कि निजी जीवन के अतिरिक्त कुछ ऐसे फोटो खींचने का प्रयास करें जिससे समाज में बदलाव लाने में मदद मिले। अच्छा फोटो आपके नजरिए पर निर्भर करता है। वरिष्ठ पत्रकार अजय श्रीवास्तव ने फोटोग्राफी के दौरान आने वाले परिस्थितियों और प्रभावी फोटो खींचने के टेक्निक बताए। इस बार का वैश्विक थीम माई फेवरेट फोटो था। संचालन पत्रकारिता की छात्रा बी बिंदू ने किया। इस अवसर पर पत्रकारिता विभाग के अध्यक्ष डॉ. विनोद कुमार सोनी, डॉ. तेज बहादुर चंद्रा, राजेश्वर प्रसाद, डॉ. प्रज्ञा गुप्ता, डॉ. प्रिंस जैन, डॉ. दुर्गेश डिक्सेना, निरंजन कुमार सहित विद्यार्थी उपस्थित थे।

**जांच अधिकारी को ...**

अफसरों ने उन्हें सब-डिवीजन कार्यालय के पास बनी एक नाली दिखा दी और दावा किया कि यही निर्माण हाल ही में किया गया है। जबकि हकीकत ये है कि उस नाली का कार्यादेश ठेकेदार उपेंद्र नायक के नाम से 25 अप्रैल 2025 को ही जारी हुआ था और काम पूरा हो चुका है। यानी जांच अधिकारियों को गुमराह करने के लिए दूसरे ठेकेदार का काम दिखाकर खानापूर्ति की कोशिश की गई। इस दौरान मौके पर मौजूद शिकायतकर्ता कांग्रेस नेता दुर्गेश राय ने इसका विरोध किया और जांच अधिकारियों के सामने सच्चाई रखी । उन्होंने कहा कि केम्पस मे जो नाली निर्माण कराया जा रहा है वह किस विभाग का था। जांच अधिकारी को इंजीनियर दूसरी नाली को दिखाते है। जांच अधिकारी तक को गुमराह कर दिया गया है । जांच में भी धोखा देकर बचने का प्रयास किया जा रहा है, जांच अधिकारी को निष्पक्ष जांच कर दोषी लोगों पर कार्रवाई करनी चाहिए। नाली निर्माण की जांच जैसे ही शुरू हुई वैसे ही लोक निर्माण विभाग में हड़कंप मच गया। आरोपों की सच्चाई सामने आने के डर से विभागीय अफसर जांच अधिकारियों को गुमराह करने की जुगत में लग गए। मामले के खुलासे के बाद विभाग में अफरा-तफरी का माहौल है। ईई, एसडीओ और सब इंजीनियर पर कार्रवाई की मांग जोर पकड़ रही है।

**होगा डीसीएस का कार्य**

दुर्गुकोंदल। छत्तीसगढ़ की महत्वाकांक्षी योजनाओं में से एक डिजिटल क्रॉप सर्वे का सुचारू रूप से शुरुआत विकासखण्ड में हो चुका है। तहसीलदार केतन भोयर ने बताया कि दुर्गुकोंदल तहसील के 141 ग्रामों में से 112 ग्रामों में प्रथम चरण में डीसीएस का कार्य किया जा रहा है।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**छिन्दगढ़, जिला- सुकमा (छ.ग.)**
**रा.प्र.क्र./2025081917000001/अ-2 /2024-25**

**// उद्घोषणा //**

सर्व साधारण/ग्राम पंचायत छिन्दगढ़ के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका हूरजहाँ पति यार मोहम्मद, जाति मुसलमान, निवासी ग्राम छिन्दगढ़, तहसील छिन्दगढ़, जिला सुकमा (छ.ग.) के द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर अवगत कराया है कि ग्राम छिन्दगढ़, प.ह.नं. 11/ छिन्दगढ़, तहसील छिन्दगढ़, जिला सुकमा के राजस्व अभिलेखों में दर्ज ख.नं. 610/8 रकबा 0.027 हे. स्वामित्व की शामिल भूमि है। उक्त बैनामा के माध्यम से क्रय की गई भूमि है। प्रश्नाधीन भूमि व्यवसायिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तित/डायवर्सन करवाना चाहती हूं। आवेदिका ने आवेदन पत्र के साथ खसरा, नक्शा, बी-1 एवं बैनामा की छायाप्रति संलग्न कर आवेदित भूमि का व्यवसायिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तित/डायवर्सन करने निवेदन किया गया है। तत् संबंध में जिस किसी व्यक्ति/ संस्था को आपत्ति हो तो वह अपना दावा-आपत्ति स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 29/08/2025 तक प्रस्तुत कर सकते है । नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

आज दिनांक 14/08/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा सील से जारी ।

मुहर

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**छिन्दगढ़, जिला- सुकमा (छ.ग.)**

तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि

वनांचल भूमि

रायपुर, शुक्रवार 22 अगस्त 2025

10 पुलिस ने स्कूल व बैंक में चलाया साइबर जागरुकता ...



10 रजत जयंती के लिए विभिन्न गतिविधियों के आयोजन ...





श्री शंकराचार्य
कॉलेज ऑफ नर्सिंग
हुडको, भिलाई (छ.ग.)
(2005 से संचालित)
नर्सिंग
B.Sc(N)
M.Sc.(N) P.B.B.Sc.(N)
7489713804, 7869513804
For Online Admission
Visit : www.sscnbhilai.com

## खबर संक्षेप

### मूर्तिकार चित्रकार संघ ने किया पौधरोपण



**जगदलपुर**। छत्तीसगढ़ मूर्तिकार चित्रकार संघ इकाई बस्तर के तत्वावधान मे एक पौधा माँ के नाम के तहत करपावंड हाई स्कूल मैदान बकावंड ब्लॉक मे गुरुवार को पौधरोपण का कार्यक्रम हुआ। जिसमें आंवला, जामुन, बेल, कथल, जाम, काजू, पपीता और अन्य 50 से ज्यादा फलदार पौधा लगाए गए।

### आंगनबाड़ी केंद्र को 1 सितंबर से बंद की दी गई चेतावनी



**जगदलपुर**। कार्यकर्ता सहायिका संयुक्त मंच ने 31 अगस्त तक मांग पूरी नहीं होने पर 1 सितंबर को पूरे प्रदेश के आंगनबाड़ी केंद्र बंद करने की चेतावनी दी है। मंच की संयोजक मंडल सदस्य सरिता पाठक, रुक्मणी सज्जन, सुधा रात्रे, हेमा भारती, कल्पना चंद ने बताया कि कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं की लंबित मांगों एवं काम में आ रही समस्या को लेकर सचिव व संचालक के नाम पत्र दिया गया था। संचालक द्वारा हड़ताल के विषय में जारी किए गए आदेश पत्र को वापस लेने की मांग को लेकर सचिव को एक और पत्र दिया गया।

### सेजेस करीतगांव में व्याख्याता वाणिज्य का एक पद निरस्त

**जगदलपुर**। बस्तर जिले के अंतर्गत संचालित स्वामी विवेकानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय जगदलपुर एवं स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों में संविदा व्याख्याता वाणिज्य के कुल 13 रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु विज्ञापन जारी किए गये थे। प्राचार्य स्वामी विवेकानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय करीतगांव विकासखण्ड बकावण्ड से प्राप्त प्रतिवेदन के अनुसार उक्त संस्था में व्याख्याता वाणिज्य के एक ही पद स्वीकृत होने के कारण व्याख्याता वाणिज्य के विज्ञापित दो पदों में से एक पद को निरस्त किया गया है।

### जनपद पंचायतों में रोजगार मेला 25 से

**जगदलपुर**। जिले के जनपद पंचायतों में 25 अगस्त से 5 सितंबर तक सिक्योरिटी गार्ड एवं सिक्योरिटी सुपरवाइजर पद के लिए रोजगार मेला आयोजित किया जाएगा। जिला कौशल विकास प्राधिकरण से मिली जानकारी के अनुसार जनपद पंचायत तोकापाल में 25 अगस्त, दरभा में 28 अगस्त, बस्तर में 29 अगस्त, बास्तानार में 2 सितम्बर, लोहण्डीगुड़ा में में 3 सितम्बर, बकावण्ड में 4 सितम्बर तथा लाईवलीहुड कॉलेज में 5 सितम्बर को रोजगार मेला आयोजित किया जाएगा। उक्त सभी स्थलों पर रोजगार मेला प्रातः 11 बजे से शाम 4 बजे तक होगा।

### आपदा पीड़ित परिवारों को 12 लाख की सहायता

**जगदलपुर** । कलेक्टर हरिस एस. ने प्राकृतिक आपदा पीड़ित तीन परिवारों को 12 लाख रूपए की आर्थिक सहायता दी है। ग्राम चोकनार निवासी भुवनेश्वरी की मृत्यु पानी में डूबने से पिता राजकुमार को, ग्राम पुसपाल निवासी मिठू की मृत्यु सर्पदंश से पत्नी सोनी कश्यप को तथा ग्राम पण्डरीपानी निवासी मोनू राम की मृत्यु पानी में डूबने से माता मंगलदई प्रत्येक को चार-चार लाख रूपए की सहायता राशि दी है।

# आत्मसमर्पित नक्सलियों ने किया पौधारोपण, हथियार छोड़ बोए जिंदगी के बीज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

अलग खबर

कभी बंदूक और बारूद थामने वाले हाथ अब हरियाली और उम्मीद के बीज बो रहे हैं। नक्सल प्रभावित सुकमा जिले के पुलिस लाइन में आत्मसमर्पित नक्सलियों ने पौधरोपण कर एक नई राह की शुरुआत की। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक किरण चव्हाण और वन मंडल अधिकारी अक्षय दिनकर भोसले भी मौजूद रहे। सभी ने मिलकर परिसर में 110 पौधे रोपे।

जिला मुख्यालय के पुलिस लाइन में आयोजित इस आयोजन का सबसे भावुक पल तब था जब आत्मसमर्पित नक्सलियों ने अपने हाथों से पौधे रोपे। कभी जिन हथियारों से जानें ली जाती थीं, अब उन्हीं हाथों से जीवन बोया जा रहा था। पौधरोपण के दौरान कई नक्सली अपने परिवारों को याद कर भावुक हो उठे। खास बात यह रही कि पौधे शहीद जवानों और माताओं के नाम पर लगाए गए। इस अवसर पर आत्मसमर्पित नक्सली मुचाकी हिडमा ने अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने कहा सालों तक परिवार से दूर रहकर नक्सली संगठन में शामिल हुआ। लेकिन वहां सिर्फ परेशानियां और तकलीफें थीं। सरकार की नीतियों से प्रभावित होकर आत्मसमर्पण किया और अब शांति ▶▶| शेष पेज 10 पर

## सभी ने मिलकर परिसर में 110 पौधे रोपे

### समाज की मुख्यधारा में लौटना ही सबसे बड़ा साहसः एसपी

पौधरोपण के इस कार्यक्रम को जिले के एसपी किरण चव्हाण ने आत्मसमर्पित नक्सलियों के लिए नई सोच की शुरुआत बताया। उन्होंने कहा, समाज की मुख्यधारा में लौटना ही सबसे बड़ा साहस है। पौधरोपण के जरिए आत्मसमर्पित नक्सली न केवल नई जिंदगी की शुरुआत कर रहे हैं, बल्कि शहीद जवानों और अपनी माताओं को सच्ची श्रद्धांजलि भी दे रहे हैं। यह पहल आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणा बनेगी।



### एक पेड़ मां के नाम अभियान

इस मौके पर डीएफओ अक्षय दिनकर भोसले ने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हर व्यक्ति को अपनी मां के नाम पर एक पौधा लगाना चाहिए, ताकि मां के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि दी जा सके और पर्यावरण संरक्षण में भी योगदान हो। आत्मसमर्पित नक्सलियों को यह पहल बेहद भावुक और प्रेरणादायी लगी।

**सौगात :** 80 लाख से ज्यादा लागत के 10 विकास कार्यों का भूमिपूजन

# सोनारपाल में की जाएगी उद्यानिकी महाविद्यालय की स्थापना : केदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर/भानपुरी

वनमंत्री केदार कश्यप ने कहा कि क्षेत्र में उद्यानिकी फसल की ओर किसानों के रुझान को देखते हुए शीघ्र ही सोनारपाल में उद्यानिकी महाविद्यालय की स्थापना की घोषणा की है।

- बाजार शेड निर्माण, सड़क सहित अन्य कार्य होंगे

बोड़नपाल और सोनारपाल में गुरुवार को आयोजित कार्यक्रमों में 80 लाख 57 हजार रुपए लागत के 10 विकास कार्यों का भूमिपूजन अवसर पर मंत्री कश्यप ने कहा कि हमारी सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों में निर्माण कार्यों को गति दी है। 18 लाख आवासों के निर्माण की स्वीकृति इस बात का साक्ष्य है। हमारी सरकार ने लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने का कार्य किया साथ ही विकास कार्यों को एक नई दिशा दी है। उन्होंने इस दौरान क्षेत्रीय ग्रामीणों की मांग पर सोनारपाल में मंदिर के निकट हैंडपंप खनन, बड़ेपारा तारागांव में 2 मीटर पुलिया, सोनारपाल ठाकुरपारा में 2 मीटर पुलिया, माता मंदिर तारागांव में भवन, स्कूल में शेड निर्माण, बाकेल में धान खरीदी केंद्र, डेढ़ करोड़ रूपए की लागत से एनीकट निर्माण, जल जीवन मिशन के तहत पानी टंकी का निर्माण, खालेपारा बाकेल में हैंडपंप स्थापना एवं सिलाई सेंटर स्थापना की घोषणा भी की। उन्होंने सोनारपाल में आयोजित कार्यक्रम में 34 लाख 32 हजार रुपए और बोड़नपाल-2 में आयोजित कार्यक्रम में 46 लाख 25 हजार रुपए के कार्यों का भूमिपूजन कर क्षेत्रवासियों को बड़ी सौगात दी। उन्होंने सोनारपाल में 46 लाख 25 हजार रुपए के कार्यों का भूमिपूजन किया, जिनमें चपका ग्राम पंचायत के मारीपारा स्थित माध्यमिक विद्यालय के पास 5 लाख रुपए की लागत से 2 मीटर पुलिया निर्माण, इसी ग्राम पंचायत में मारीपारा से बंगा घर तक 9 लाख 60 हजार रुपए की लागत से 300 मीटर सीसी सड़क का निर्माण, सोनारपाल ग्राम पंचायत में मेन रोड हनुमान मंदिर से संतोषी किराना दुकान तक चार लाख रुपए की लागत से 200 मीटर नाली निर्माण और क्षमता विकास ▶▶| शेष पेज 10 पर



### मिलेगी बेहतर सुविधा



मंत्री कश्यप ने कहा कि इससे क्षेत्र में अधोसंरचना के विकास और जनसुविधाओं में वृद्धि होगी। इन सभी विकास कार्यों से बस्तर क्षेत्र में ग्रामीणों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी और स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी बढ़ावा मिलेगा। कश्यप ने इस अवसर पर ग्रामीणों को आश्वस्त करते हुए कहा कि राज्य सरकार बस्तर के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। भविष्य में भी ऐसे ही जनहितैषी कार्य जारी रहेंगे।

# 2 लाख का इनामी नक्सली गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत थाना जगरगुण्डा पुलिस और कुंदेड़ कैंप की 165वीं वाहिनी सीआरपीएफ की संयुक्त टीम ने 2 लाख के इनामी नक्सली को पकड़ा है ।गिरफ्तार नक्सली तेलाम बुधरा 30 वर्ष निवासी ग्राम चिमलीपेंटा थाना जगरगुण्डा का बताया गया है, जो नक्सली संगठन में मिलिशिया कमांडर के पद पर सक्रिय था। वह सुकमा जिले के कई नक्सल घटनाओं में शामिल रहा है। फरवरी 2023 में आश्रमपारा के पास पुलिस गश्ती दल पर हमला में जिसमें 3 जवान शहीद हुए थे तथा उनके हथियार लूट लिए गए थे। इसके बाद नवंबर 2024 में जगरगुण्डा साप्ताहिक बाजार में तैनात जवानों पर हमला कर दो जवानों को गंभीर रूप से घायल करने और उनके हथियार लूटने की घटना में भी शामिल रहा है।

- 3 जवानों की शहादत और हथियार लूट की वारदातों में था शामिल

पुलिस के मुताबिक मुखबिर ने सूचना मिली थी कि तेलाम बुधरा समेत अन्य नक्सली जंगल में मौजूद है। सूचना पर 19 अगस्त की सुबह जगरगुण्डा थाना से संयुक्त टीम एसडीओपी तोमेश वर्मा और 165वीं बटालियन सीआरपीएफ के निरीक्षक गौतम कुमार के नेतृत्व में जंगल की ओर रवाना हुए थे। जवानों ने जंगल में चारों दिशाओं से घेराबंदी की ▶▶| शेष पेज 10 पर

**छग पुलिस आरक्षक भर्ती**

# मुख्यमंत्री और गृहमंत्री को पत्र लिखकर त्रुटि सुधारने की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

व्यापम के द्वारा छग पुलिस आरक्षक भर्ती के लिए प्रकाशित विज्ञापन में बस्तर संभाग प्रदर्शित नहीं करने के कारण दुविधा में आकर रायपुर संभाग में पंजीयन करवा लिया गया है।व्यापम ने काफी समय पश्चात बस्तर संभाग का विज्ञापन जारी कर दिया गया है। अब बस्तर संभाग क्षेत्र से संबंधित रिक्तियों का विज्ञापन जारी हो गया है। लेकिन सभी ने अपना पंजीयन रायपुर संभाग में करवा दिया है उसमें सुधार कर बस्तर संभाग करवाना चाहते है। ऐसा नहीं होने पर बेरोजगार व आर्थिक रूप से कमजोर नवयुवकों को रायपुर जाने की बाध्यता होगी। युवा कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष हेमंत कश्यप ने कहा त्रुटि सुधार करने का अवसर मिलना चाहिए। ताकि ▶▶| शेष पेज 10 पर

- व्यापम के विज्ञापन में त्रुटि से बस्तर के बेरोजगार संशय में
- विधायक से मिले युकांई

# सायबर फ्रॉड व अपराध के संबंध में लोगों को किया गया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

मौजूदा समय में धड़ल्ले से चल रही ऑनलाइन ठगी व सायबर अपराध के प्रति लोगों को जागरूक करने नगरनार पुलिस द्वारा ओडिशा बार्डर में जन जागरुकता अभियान चलाया गया। मौजूद ग्रामीणों व जनप्रतिनिधियों को होने वाले सायबर फ्रॉड व सायबर अपराध की जानकारी देकर सतर्क रहने की अपील करते हुए जागरूक किया गया। एसपी शलभ कुमार सिन्हा के निर्देश पर एएसपी माहेश्वर नाग व सीएसपी धोत्रे सुमित कुमार के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी नगरनार द्वारा ओडिशा बार्डर स्थित धनपुंजी में जनजागरूकता अभियान चलाकर लोगों को जागरूक किया गया। यह आयोजन नगरनार थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत धनपुंजी के पंचायत भवन में आयोजित कि गई थी। मौजूद ग्रामीणों व जनप्रतिनिधियों को निरीक्षक संतोष सिंह ने बताया कि वर्तमान समय में सायबर फ्रॉड, साइबर अपराध के अनेक मामले देखने मिल रहे है। उन्होंने ▶▶| शेष पेज 10 पर

- ओडिशा बार्डर में नगरनार पुलिस ने चलाया जन जागरुकता अभियान



# डुप्लिकेट चाबी से टाटा सूमो चोरी कर घूम रहा आरोपी पकड़ाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

घर के सामने खड़ी टाटा सूमो वाहन को अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर लिया गया था। मामले की रिपोर्ट दर्ज होते ही सक्रिय कोतवाली पुलिस ने आरोपी को चंद घंटे में ही चारपहिया वाहन में घूमते हुए चोरी किए टाटा सुमो वाहन के साथ खड़कघाट कोहकपारा से पकड़ने में सफल रही।

- कोतवाली पुलिस ने 5 लाख की वाहन के साथ किया गिरफ्तार
- आरोपी न्यायालय में पेश, भेजा गया जेल

चोरी की सूचना पर एसपी शलभ कुमार सिन्हा के मार्गदर्शन में एएसपी माहेश्वर नाग व सीएसपी धोत्रे सुमित कुमार के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी कोतवाली भोला सिंह राजपूत के नेतृत्व में टीम गठित किया गया था। एएसपी ने बताया कि आरोपी बुरंग पाल थाना परपा का निवासी है जिसके कब्जे से चोरी किए टाटा सुमो वाहन क्रमांक सीजी 17 डी 0477 कीमत पांच लाख रूपए एवं चोरी करने के लिए उपयोग किए डुप्लीकेट चाबी को आरोपी से मौके पर बरामद कर जब्त किया गया है। मामले में प्रार्थी तेजू पटेल ने 21 अगस्त की रात रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि वह अपने घर के सामने खड़ी टाटा सुमो वाहन को अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है। टीम द्वारा अज्ञात चोर की पता तलाश करने के दौरान खड़कघाट में चोरी गई सुमो वाहन को आरोपी नरेश कुमार ठाकुर 24 वर्ष निवासी ग्राम बुरूंगपाल थाना परपा के कब्जे से बरामद किया। पूछताछ में आरोपी ने डुप्लीकेट चाबी उपयोग कर टाटा सुमो वाहन पनारापारा से चोरी कर ले जाना स्वीकार किया। मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे न्यायिक रिमाण्ड में जेल भेजा गया। त्वरित कार्रवाई कर वाहन जब्त करने व आरोपी को कुछ ही घटें में गिरफ्तार करने में निरीक्षक भोला सिंह राजपूत के अलावा एसआई अरूण मरकाम, प्रधान आरक्षक राजेश राजपूत, आरक्षक रवि सरदार, तीकरुराम कश्यप व उत्तम ध्रुव की महत्वपूर्ण भूमिका रही।



**शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय में विश्व फोटोग्राफी दिवस मना**

# फोटो को पत्रकारिता से अलग नहीं किया जा सकता : त्रिपाठी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

विश्व फोटोग्राफी दिवस के उपलक्ष्य में गुरुवार को शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार अध्ययनशाला में फोटोग्राफी प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। फोटोग्राफी के टेक्निक एवं बस्तर में फोटोग्राफी के महत्वपूर्ण थीम और अवसर विषय पर आयोजित इस प्रशिक्षण में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया।

वरिष्ठ फोटोग्राफर ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी ने कहा कि फोटो को पत्रकारिता से अलग नहीं किया जा सकता है। खबर और फोटो एक-दूसरे के पूरक हैं। बिना फोटो के न्यूज अधूरा सा होता है। बिना तस्वीर के समाचार प्रमाणिक नहीं लगते हैं। त्रिपाठी ने कहा कि फोटोग्राफी एक कला है जिसमें हम प्रकाश के सहारे प्रभावी इमेज बना पाते हैं। उन्होंने बताया सामान्य फोटोग्राफी और फोटो जर्नलिज्म में अंतर है। प्रेस फोटोग्राफी में केवल सुंदरता न ढूंढे। तस्वीरों से छेड़छाड़ न हो। द्वेषपूर्ण फोटो पत्रकारिता नहीं होनी चाहिए। फोटोग्राफी के लिए घुमक्कड़ होना जरूरी है। महंगे कैमरे के बदले जो मोबाईल उपलब्ध है उसी से बेहतर फोटो खींचने का प्रयास करना चाहिए।



### फोटोग्राफी हॉबी के साथ एक अच्छा कैरियर

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रो. शरद नेमा ने कहा कि युवाओं को फोटोग्राफी जैसे स्किल भी सीखना चाहिए। आज इंटरव्यू में पढ़ाई के अलावा अन्य कौशल के बारे में पूछा जाता है। फोटोग्राफी हॉबी के साथ-साथ एक अच्छा कैरियर भी है। अगर फोटोग्राफी के क्षेत्र में जाना चाहते हैं तो आपमें धैर्य रखने और सही समय का इंतजार करने की क्षमता होनी चाहिए।

वरिष्ठ फोटोग्राफर सुनील पांडेय ने कहा कि एक तस्वीर अच्छी बड़ी खबर बना देती है। फोटो ही खबर को इम्पैक्ट के लायक बनाते हैं। एक बदलता हुआ बस्तर हम तस्वीरों के माध्यम से दिखा सकते हैं। उन्होंने कहा कि अखबारों में ऐसे फोटो होने चाहिए जिसे देखकर न केवल मन प्रसन्न हो बल्कि उस खबर को पढ़ने की इच्छा भी जाग जाए। मोबाइल से अच्छे फोटो खींचे जा सकते हैं। महंगे कैमरे का फीचर्स मोबाइल में मिलने लगे हैं। आज ड्रोन फोटोग्राफी की सबसे अधिक मांग की जा रही है। जब भी फोटो खींचे तो उसमें एक्शन और इमोशन दिखना चाहिए। फोटो में क्रिएटिविटी भी दिखे। बस्तर संभाग में दशहरा पर्व फोटो के लिए बेहतर अवसर होता है। फ्रांस जैसे देश के लोग बस्तर क्षेत्र की फोटोग्राफी को खूब पसंद करते हैं। युवाओं को जूम कर फोटो खींचने से बचना चाहिए। फोटो यदि दो एमबी ▶▶| शेष पेज 10 पर

# जांच अधिकारी को दूसरा काम दिखा गुमराह करने का प्रयास



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

पुसामीपारा से कुम्हाररास के बीच टो-वॉल और नगर पालिका क्षेत्र की नाली निर्माण में अनियमितता की विभागीय जांच के दौरान अफसरों ने जांच अधिकारियों को गुमराह करने का प्रयास किया। दरअसल इन निर्माण कार्यों में आर्थिक गड़बड़ी का मामला तब सुर्खियों में आया था, जब कांग्रेस प्रदेश सचिव दुर्गेश राय ने विभाग के ईई, एसडीओ और सब-इंजीनियर पर बिना काम किए 9.66 लाख रुपए आहरण करने का आरोप लगाया था। मामला गंभीर होने पर विभागीय जांच के आदेश दिए गए और 14 अगस्त को जांच टीम सुकमा पहुंची। सूत्रों के मुताबिक जांच टीम को मौके पर ले जाने की बजाय ▶▶| शेष पेज 10 पर

खबर संक्षेप

## हड़ताल को लेकर कर्मियों ने भरी हुंकार




**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के आह्वान पर मोदी की गारंटी पूरी करने को लेकर कलम रख मशाल उठा आंदोलन के दूसरे चरण में 22 अगस्त को एक दिवसीय सामूहिक हड़ताल कर रहे हैं। हड़ताल के दबाव को देखते हुए कल ही सरकार ने प्रदेश के कर्मचारियों को 2 प्रतिशत महंगाई भत्ता वृद्धि की घोषणा की गई। जिसे लेकर कर्मचारियों में असंतोष व्याप्त है। कर्मियों का कहना है कि सरकार पहले अपने वादे के अनुरूप मोदी की गारंटी पूरी करें तथा 11 सूत्रीय मांगों पर चर्चा करें। केवल 2 प्रतिशत डीए देकर कर्मचारियों के आंदोलन को दबाया नहीं जा सकता।

## शहर में स्ट्रीट लाइट संधारण कार्य पुनः शुरू

**जगदलपुर।** शहर की सड़कें अब फिर से रोशन होने जा रही हैं। नगर निगम क्षेत्र में स्ट्रीट लाइट संधारण का काम जिस कंपनी के जिम्मे था, उसने तकनीकी कारणों से काम बंद कर दिया था। इसके चलते नागरिकों को परेशानी उठानी पड़ी, बल्कि रात्रिकालीन आवागमन भी असुरक्षित हो गया था। मामला प्रदेश सरकार और पूर्व वेंडर के बीच विवाद में फंसा हुआ था, जो अब समाप्त हो चुका है। प्रदेश सरकार ने संधारण कार्य का जिम्मा नए वेंडर खुशमिता सर्विसेज कंपनी को सौंप दिया है। कंपनी ने कार्यभार संभालते ही अपनी सक्रियता दिखाई और बुधवार को छत्रपति शिवाजी वार्ड एवं दलपत सागर वार्ड की बंद पड़ी स्ट्रीट लाइट को पुनः चालू कर दिया गया। कंपनी का दावा है कि यदि मौसम अनुकूल रहा और बारिश जैसी बाधाएं सामने नहीं आईं तो आगामी 15 दिनों के भीतर नगर निगम क्षेत्र के सभी वार्डों में स्ट्रीट लाइट व्यवस्था पूरी तरह से दुरुस्त कर दी जाएगी। महापौर संजय पांडे ने कहा स्ट्रीट लाइट व्यवस्था बंद रहने से नागरिकों को असुविधा हुई, लेकिन अब नए वेंडर को जिम्मेदारी मिलते ही काम तेजी से शुरू हो गया है। हमारा प्रयास है कि शहर की हर गली, हर सड़क रोशनी से जगमगाए।

निधन

## कुमुदवासिनी सामंत



**जगदलपुर।** शहर के सुभाष वार्ड स्थित सामंत सदन गली निवासी कुमुदवासिनी सामंत (78) का गुरुवार सुबह लगभग 10 बजे निधन हो गया। वे पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रही थी। वे स्व. काली प्रसन्न सामंत की पत्नी एवं सत्यनारायण व बसंत सामंत की माता थी। अंतिम संस्कार प्रवीर वार्ड खड़कघाट स्थित मुक्तिधाम में किया गया। जहां परिवार जनों रिश्तेदार समेत शहर के गणमान्य लोग सम्मलित हुए।

# महिलाओं के हाथों में हरियाली की जिम्मेदारी : पाण्डे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

### लगाए गए पौधों की सुरक्षा के लिए निगम उपलब्ध करायेगा ट्री गार्ड

शहर में आज पर्यावरण संरक्षण और महिला सशक्तिकरण को जोड़ते हुए एक नई पहल की गई है। राज्य सरकार के निर्देश एवं महापौर संजय पाण्डेय की पहल पर नगर निगम के अमृत मित्र योजना के अंतर्गत शुरू किए गए वुमन फॉर ट्री अभियान से हरियाली लाने और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कदम बढ़ाया गया है। महाराणा प्रताप वार्ड के पुराने डंपिंग यार्ड में आयोजित पौधारोपण कार्यक्रम में लगाए गए पौधों की देखरेख की जिम्मेदारी अब महिला स्व-सहायता समूहों के पास होगी। नगर निगम ट्री गार्ड उपलब्ध कराएगा।



**ये रहे मौजूद**
इस अवसर पर महापौर संजय पांडे, नगर निगम अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन, आयुक्त प्रवीण कुमार वर्मा, एमआईसी सदस्य निर्मल पानीग्राही, लक्ष्मण झा, सुरेश गुप्ता, पार्षद श्याम सुंदर बघेल, ट्री मेन संपत झा, स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर रतन व्यास, धर्मेंद्र महापात्र, जितेंद्र मिश्रा, राजीव निगम, रोशन झा, शिव रतन खत्री, कलविंदर सिंह, बादशाह खान, प्रकाश झा, संजय चंद्राकर, ब्रिजेश शर्मा, सुधा मिश्रा, बिजली वैद्, रीता वैश्य, प्रियंका वैद्, रितेश सिन्हा सहित जनप्रतिनिधि और नागरिकगण मौजूद रहे।

जागरण महिला स्व-सहायता समूह की अध्यक्ष लक्ष्मी कश्यप, सदस्य सुलमणि डहरिया और डॉली बघेल को इन पौधों की देखभाल की जिम्मेदारी सौंपी गई है। योजना के तहत प्रत्येक स्थान पर 300 पौधे लगाए जाएंगे और एक समूह की तीन महिलाएं मिलकर 100-100 पेड़ों की देखभाल करेंगी। शहर के तीन स्थानों महाराणा प्रताप वार्ड पुराना डंपिंग यार्ड, कृष्ण कुंज और इंद्रावती नदी किनारे कुल 900 पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

इस योजना में पौधारोपण औपचारिकता बनकर नहीं रह जाएगा। जियो टैगिंग से लेकर पौधों की दैनिक रिपोर्ट तैयार करने तक की व्यवस्था की गई है।

### स्कूलों-आंगनबाड़ी एवं उप स्वास्थ्य केंद्रों में रनिंग वॉटर की व्यवस्था सुनिश्चित करें

# योजनाओं के क्रियान्वयन में उपलब्धि हासिल करने के लिए करें बेहतर प्रदर्शन : डोमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- कमिश्नर ने संभागीय अधिकारियों की ली मासिक समीक्षा बैठक

कमिश्नर डोमन सिंह ने कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का धरातल पर कारगर क्रियान्वयन कर हरेक पात्र व्यक्ति को लाभान्वित करने के लिए सभी विभाग सकारात्मक प्रयास करें। साथ ही इन योजनाओं के क्रियान्वयन में उपलब्धि हासिल करने के लिए विभागीय तौर पर बेहतर प्रदर्शन करें। स्कूलों-आंगनबाड़ी एवं उप स्वास्थ्य केन्द्रों में रनिंग वॉटर की व्यवस्था सुनिश्चित करें। साथ ही स्कूलों एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों के विद्युतीकरण को प्राथमिकता दी जाए। वहीं दूरस्थ ईलाके के आंगनबाड़ी केंद्रों पर समेकित बाल विकास सेवाओं की उपलब्धता हेतु रिक्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं आंगनबाड़ी सहायिकाओं के पदों पर भर्ती की प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण करें। उक्त निर्देश कमिश्नर ने गुरुवार को कमिश्नर कार्यालय में संभागीय अधिकारियों की मासिक समीक्षा बैठक में दिए। उन्होंने सुशासन तिहार के माध्यम से आम जनता की समस्या एवं मांगों के निराकरण स्थिति की समीक्षा करते हुए घोषणाओं के क्रियान्वयन को सर्वोच्च प्राथमिकता देने कहा। कमिश्नर ने छत्तीसगढ़ राज्य गठन के 25 वर्ष पूर्ण होने पर रजत महोत्सव आयोजन में सभी विभागों को सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने कहा और रजत महोत्सव के लोगो का पत्राचार एवं अन्य प्रचार-प्रसार में अधिकाधिक उपयोग किए जाने के निर्देश दिए। इस दौरान डिप्टी कमिश्नर बीएस सिदार, आरती वासनिक एवं गीता रायस्त, मुख्य अभियंता लोक निर्माण जीआर रावटे सहित कृषि, पशुपालन, स्वास्थ्य, लोक निर्माण, छत्तीसगढ़ ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण, विद्युत वितरण कम्पनी, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, उद्योग, वन इत्यादि विभागों के संभाग स्तरीय अधिकारी और अन्य विभागों के नोडल अधिकारी मौजूद रहे।



#### लंबित पेंशन प्रकरणों को निपटाएं

कमिश्नर ने सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों के लंबित पेंशन प्रकरणों को संवेदनशीलता के साथ निराकरण करने के लिए जोर देते हुए कहा कि हर अधिकारी एवं कर्मचारी को भविष्य में सेवानिवृत्त होना ही है अतएव अपने विभागीय परिवार के इन सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों के पेंशन मामलों के निराकरण को सर्वोच्च वरीयता देवें। उन्होंने प्रकरणों की अधिकता को मद्देनजर रखते हुए जिला स्तर पर पेंशन निराकरण शिविर आयोजित कर जल्द से जल्द लंबित प्रकरणों का निराकरण सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए।

#### स्कूलों में न्यौता भोज की समीक्षा

कमिश्नर ने स्कूलों में न्यौता भोज आयोजन स्थिति की समीक्षा करते हुए वर्तमान सत्र में कांकेर जिले के सभी स्कूलों में एक बार न्यौता भोज आयोजन करने सहित नारायणपुर जिले के 90 प्रतिशत से अधिक स्कूलों में एक बार न्यौता भोज आयोजन करने के लिए सम्बंधित जिलों के अधिकारियों एवं शिक्षकों के पहल को सराहा। वहीं अन्य जिलों के शत-प्रतिशत स्कूलों में जनसहभागिता से न्यौता भोज का आयोजन सुनिश्चित किए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

#### आयुष्मान कार्ड देने लगाएं शिविर

कमिश्नर ने स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की समीक्षा दौरान आयुष्मान कार्ड प्रदाय पंजीयन में जिलों के अंदरूनी इलाकों में शिविर लगाकर ग्रामीणों के कार्ड निर्माण को गति देने कहा। जिसके तहत छूटे हुए व्यक्तियों को लक्ष्य निर्धारित कर पंजीयन में प्रगति लाए जाने निर्देश दिए।

## महिला उत्पीड़न, लिगल सेल और शिकायत निवारण से अवगत हुए विद्यार्थी




- नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं का टीका लगाकर हुआ स्वागत

**जगदलपुर।** शासकीय काकतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं के लिए प्रेरणा कार्यक्रम का आयोजन ऑडीटोरियम में किया गया।

सर्वप्रथम टीका लगाकर स्वागत किया गया। पश्चात अतिथिगण द्वारा मां सरस्वती पूजन कर शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का परिचय प्रो विमल कुमार रात्रे ने बताया। उसके उपरांत प्राचार्य डॉ अनिल कुमार श्रीवास्तव के द्वारा महाविद्यालय के उपलब्धियों के बारे में बताया गया। इसके बाद कमेटीयों के द्वारा छात्र-छात्राओं को महाविद्यालय के प्रक्रियाओं के बारें में बताया गया। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, एन. एस.एस., एन.सी.सी., रेडक्रॉस, लाइब्रेरी, शिकायत निवारण, महिला उत्पीड़न, लिगल सेल, एवं छात्रवृत्ति से सबंधित जानकारी प्रदान किया गया। सार-निष्कर्ष प्रो अभिषेक बाजपेई ने बताया। आभार प्रदर्शन समन्वयक विमल कुमार रात्रे ने किया। कार्यक्रम में डॉ सुशील दत्ता, डॉ के. इंदिरा, डॉ रानू मेश्राम, प्रो.ए.एस.झा, डॉ तुणीर खेलकर, तथा अधिकारियों,कर्मचारी उपस्थित रहें।

## दशहरा का आमंत्रण...



**जगदलपुर।** सांसद महेश कश्यप ने 20 अगस्त को धर्मपत्नी चंपा कश्यप व सुपुत्री क्षमता कश्यप के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सांसद भवन में मुलाकात की। इस अवसर पर उन्होंने दशहरे के लिए प्रधानमंत्री को आमंत्रण दिया। प्रधानमंत्री ने आमंत्रण को स्वीकार करते हुए बस्तर दशहरे में समय निकालकर शामिल होने का आश्वासन दिया। सौजन्य मुलाकात के दौरान सांसद महेश कश्यप ने प्रधानमंत्री को स्मृति चिन्ह भेंट किया और बस्तर में केंद्र सरकार द्वारा संचालित विकास कार्यों के लिए कृतज्ञता व्यक्त की।

# घेराव और संगठन विस्तार पर बनी रणनीति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- मुक्ति मोर्चा एवं जनता कांग्रेस की बैठक में शामिल हुए कार्यकर्ता



बस्तर और चित्रकूट विधानसभा की बैठक बस्तर अधिकार मुक्ति मोर्चा के प्रमुख संयोजक एवं जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे के संभागीय अध्यक्ष नवनीत चांद के नेतृत्व में आयोजित किया गया। बैठक में बस्तर के कोने-कोने से पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे। नवनीत ने कहा कि बैठक में विधानसभा क्षेत्र की समस्याओं के संबंध में विधायक कार्यालय के घेराव को लेकर रणनीति बनाई गई। वहीं संगठन के विस्तार व प्रत्येक ग्राम पंचायत में चौपाल लगाने, ग्राम पंचायत की समस्याओं को प्रशासन तक पहुंचाने जैसे कार्यों को करने का संकल्प लिया गया। बस्तर जिले सहित पूरे संभाग में युवा बेरोजगारों को स्थानीय स्तर पर रोजगार में आरक्षण एवं जिला बेरोजगार समिति गठित कर स्वरोजगार में प्राथमिकता दिए जाने के विषय पर चर्चा हुई। पूरे संभाग में शिक्षा की गुणवत्ता का परीक्षण एवं आवश्यक व्यवस्था को भी प्राथमिकता में किया गया। साथ ही पूरे संभाग में स्वास्थ्य व्यवस्था की समीक्षा एवं वास्तविक आवश्यकताओं पर विचार विमर्श हुआ।

## तीन किलोमीटर दौड़ में शामिल होंगे 9 वर्ष के बच्चे से लेकर 90 साल के बुजुर्ग तक



**जगदलपुर।** खेल दिवस पर बस्तर जिला मास्टर्स एथलेटिक्स एसोसिएशन द्वारा मेजर ध्यानचंद स्मृति में 29 अगस्त को तीन किलोमीटर दौड़ प्रतियोगिता आयोजित किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में 9 वर्ष आयु वर्ग से लेकर 90 वर्ष के खिलाड़ी भाग लेकर दौड़ लगाएंगे। इस संबंध में 21 अगस्त को बस्तर जिला मास्टर्स एथलेटिक्स एसोसिएशन संघ के पदाधिकारियों ने बैठक आयोजित कर निर्णय लिया । संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि 29 अगस्त की सुबह दौड़ आयोजित किया जायेगा।

इस प्रतियोगिता में विभिन्न आयु वर्ग के बालक-बालिकाओं की दौड़ की जाएगी।

# राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में एकलव्य कोड़ेनार को 14 स्वर्ण तथा 2 सिल्वर मेडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- जीतकर पहुंचने पर हुआ जोशिला स्वागत



एकलव्य विद्यालयों के बीच संभाग स्तरीय प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ी राज्यस्तरीय खेल प्रतियोगिता बिलासपुर में भाग लेकर दमखम दिखाया। एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय कोड़ेनार ब्लाक बास्तानार के विद्यार्थियों ने विद्यालय एवं संभाग का नाम रोशन करते हुए कुल 14 स्वर्ण तथा 2 सिल्वर मेडल जीतकर राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में अपना स्थान सुनिश्चित कर लिया है। जीतकर लौटे छात्र-छात्राओं का विद्यालय के शिक्षकों तथा बच्चों ने भव्य स्वागत किया। पुष्प वर्षा तथा मिठाई खिलाकर बधाई दी गई। प्राचार्य जी शिवा रेड्डी ने बच्चों की सफलता पर बधाई दी तथा पढ़ाई के साथ-साथ विभिन्न प्रतियोगिताओं में बच्चों को आगे आने के लिए प्रेरित किया। प्राचार्य ने विद्यालय के खेल शिक्षक निखिल माथुर तथा खेल शिक्षिका ममता के प्रयास की सराहना की। इस अवसर पर स्टाफ व कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

सामबती 3 किमी (अंडर-19 गर्ल्स) स्वर्ण ,मोटली लम्बी कूद और 4x100 रिले (अंडर 14 गर्ल्स) स्वर्ण ,रामेश्वरी 4x100 रिले (अंडर 14 गर्ल्स) स्वर्ण ,रेशमा 4x100 रिले (अंडर 14 गर्ल्स) स्वर्ण , मनीषा 4x100 अंडर 14 गर्ल्स) स्वर्ण , भीमसेन लम्बी कूद और 4x100 रिले (अंडर 14 बॉयज) स्वर्ण 100 मीटर (अंडर 14 बॉयज) सिल्वर ,सूदन 4x100 मीटर रिले (अंडर 14 बॉयज) स्वर्ण, कमलेश 4x100 मीटर रिले और 400 मीटर (अंडर 14 बॉयज) स्वर्ण ,मनकी कुश्ती (अंडर 19 गर्ल्स) स्वर्ण , कुसुम जेवलिन (अंडर 19 गर्ल्स) स्वर्ण, बुधरो शाटपुट (अंडर 19 गर्ल्स) सिल्वर मेडल प्राप्त किया।




# भाजपा महिला मोर्चा ने मनाया तीज महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- गीत-संगीत, भजन सहित विविध कार्यक्रम हुये सोलह श्रृंगार, बिंदी सजाओ स्पर्धा का आयोजन, पुरस्कार दिए गए



भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा ने बुधवार को तीज महोत्सव धूमधाम से मनाया।जिला कार्यालय में महिला मोर्चा की बहनें पारंपरिक परिधान में शामिल हुई। गीत संगीत, भजन के साथ विविध कार्यक्रम व सोलह श्रृंगार संग विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। बहनों ने तीज पर्व की शुभकामनाएं एक दूसरे को दी, पुरस्कार भी दिये गये।

सरस्वती वंदना व नृत्य के साथ शुभारंभ हुआ। जिसे मोक्षी पाण्डेय ने प्रस्तुत किया। गीत संगीत, भजन के कार्यक्रम हुये। सोलह श्रृंगार स्पर्धा में प्रथम गिरिजा गुप्ता, द्वितीय शोभा रानी व तृतीय रानी निषाद रही। पर्ची निकाल कर गायन प्रतियोगिता में प्रथम सुमन सिंह, द्वितीय नीलम पाण्डेय एवं तृतीय हेमलता ठाकुर रही। कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम किरण सिंह, द्वितीय अनीता भारत व तृतीय चमेली जीराम रही। बिंदी सजाओ स्पर्धा में पहला श्वेता गुप्ता, द्वितीय अनामिका तिवारी,तृतीय सुमन सिंह रही। भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष सुधा मिश्रा ने कहा कि तीज महोत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया। जिसमें सभी ने अपनी महत्वपूर्ण सहभागिता निभायी। जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डेय ने भाजपा महिला मोर्चा की बहनों को शुभकामनाएं दी।

तीज महोत्सव में पूर्व जिला अध्यक्ष रूप सिंह मण्डावी, विद्या शरण तिवारी, महापौर संजय पाण्डेय, निगम अध्यक्ष खेम सिंह देवांगन, योगेन्द्र पाण्डेय, रजनीश पाणिग्रही, नरसिंह राव, आर्येन्द्र आर्य, मनोहर तिवारी, प्रकाश झा, अविनाश श्रीवास्तव, गोदावरी साहू, ललिता बघेल, सफीरा साहू, लक्ष्मी कश्यप, ममता राणा, दयावती देवांगन, राम कुमारी यादव, बिजली बैद्य, किरण दीवान, ढाकेश्वरी पाण्डेय, किरण सेन, गीता नाग, मीना विश्वकर्मा, आयुषी सिंह, रेखा पाण्डेय, मीना साहू, अनीता पटेल, रेखा सिंह, विभा सिंह, अलका सेंगर, अंजू सिंह, सोनू सोरी, सरिता तिवारी, परमजीत कौर, नीलू भागवतकार शामिल रही।

